# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड भवन, लोक निर्माण विभाग, बरेली

पत्रांक 4051/1C                                                                 दिनांक 25/11/15

सेवा में,

कम्पीटेन्ट इन्फ्राहाईटस प्रा०लि०
द्वारा डायरेक्टर विपिन कुमार
पी०–6/14 जी दीन दयालपुरम,
बरेली।

विषयः– पुलिया व पहुंच मार्ग के निर्माण की अनुमति के सम्बन्ध में।
सन्दर्भः– आपका पत्रांक शून्य दिनांक 28.09.15

महोदय,

उपरोक्त विषयक पुलिया व पहुंच मार्ग के निर्माण पर अनापत्ति की संस्तुति सहायक अभियन्ता (तृतीय) के पत्र संख्या 44/एन0ओ0सी0 दिनांक 24.11.15 के क्रम में बरेली शाहजहांपुर मार्ग पर कि0मी0 245 में चैनेज 244.500 मी0 पर ग्राम नरियावल हेतु आपके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व मानचित्र पर शर्तों के आधार पर पहुंच मार्ग व पुलिया के निर्माण की अनापत्ति की जा सकती हैः–

1 प्रस्तावित पहुंच मार्ग पर मिट्टी का कार्य व पुलिया का निर्माण आवेदक को अपने व्यय पर मानचित्र में दी गयी शर्तों के अनुसार कराना होगा।
2 पुलिया निर्माण का एक एवटमेन्ट आवेदक की भूमि व दूसरा एवटमेन्ट विभाग की भूमि पर होगा।
3 प्रस्तावित पहुंच मार्ग व पुलिया का निर्माण कराते समय मार्ग पर आम जनता को यातायात में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।
4 प्रस्तावित पहुंच मार्ग व पुलिया के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का पक्का निर्माण कार्य अवैध माना जायेगा।
5 विभाग को भूमि की आवश्यकता पड़ने पर आवेदक को अपने व्यय पर तीन माह के अन्दर निर्माण कार्य को हटाना होगा।

उपरोक्त शर्तों के साथ अनुमति प्रदान की जा सकती है। शर्तों का उल्लंघन करने पर यह अनुमति स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।

25/11/15
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक          /                                        24/11/15 दिनांक          /

प्रतिलिपि :–

1 अवर अभियन्ता (प्रा0), निर्माण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली

Competent Builders & Developers

Partner